sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

GRADE - 10 **Work sheet - 1** **MARKS - 20**
Date - 30.07.22 **HINDI**

1. पठित गद्यांशो को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : -

(अ) महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास जो कुछ पढ़ो उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ? घमंड ने उसका नाम निशान तक मिटा - दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गए।

क. 'चक्रवती' किसे कहते हैं

i चक्रधारण करने वाले को

ii सफल व शक्तिशाली राजा को

iii भूमंडल के स्वामी को

iv घमंडी स्वामी को

ख. रावण का उदाहरण देकर बड़े भाई साहब सीख देना चाहते हैं कि

i शक्तिशाली राजा के पास कितनी ताकत होती है।

ii शक्तिशाली व्यक्ति को भी, उसका घमंड उसे नष्ट कर देता

iii रावण ने शक्ति प्राप्त करने के लिए कितनी मेहनत की।

iv तुम मेहनती व शक्तिशाली बनो।

ग. पढ़ने-लिखने का उद्देश्य है

i धन कमाना

ii बुद्धिमान बनना

iii अच्छे अंक प्राप्त करना

iv बुद्धि का विकास होना

घ. अभिमान एक - - - - - है।

i विनाशकारी

iiआनंददायक

iii सुखदायक

iv चक्रवती

(ब) स्कूल का समय निकट था, नहीं ईश्वर जाने यह उपदेश-माला कब समाप्त होगी। भोजन आज मुझे निःस्वाद-सा लग रहा था। जब पास होने पर यह तिरस्कार हो रहा है, तो फ़ेल हो जाने पर तो शायद प्राण ही ले लिए जाएँ। भाई साहब ने अपने दरजे की पढ़ाई का जो भयंकर चित्र खींचा था, उसने मुझे भयभीत कर दिया। स्कूल छोड़कर नहीं भागा, यही ताज्जुब है, लेकिन इतने तिरस्कार पर भी पुस्तकों में मेरी अरुचि ज्यों-की-त्यों बनी रही।

क. 'उपदेश-माला' किसे कहा गया है?

i भाई साहब द्वारा निरंतर मिल रहे उपदेश को

ii उपदेश की माला को

iii क्रोधित भाव से मिले उपदेश को

iv बड़े भाई साहब से मिले उपदेश को

ख. इस तरह की 'उपदेश माला' आपको कब मिलती है

i जब हम पढ़ाई-लिखाई छोड़कर सिर्फ़ खेलते हैं।
ii जब हम आँख गड़ाकर टी०वी० देखते हैं।

iii जब परीक्षा में कम अंक आते हैं।
iv जब हम अपनों से बड़ों की बात नहीं मानते।
V जब हमारे स्कूल से हमारी शिकायत आती है।
vi ये सभी

ग. भोजन किसे निःस्वाद लग रहा था?
i बड़े भाई को
ii लेखक को
iii छोटे भाई को
iv (ii) और (iii)

घ. उसे स्कूल छोड़कर घर भागने की इच्छा क्यों हुई?
I अगली कक्षा की पढ़ाई का भयंकर खींचा चित्र से डरकर
ii स्कूल व भाई साहब के डर से
iii पुस्तकों से अरुचि का दौर कायम रहना।
iv बंधन से मुक्त होने के कारण

2.**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।**
(क) मन के हारे हार है मन के जीते जीत
(ख) जहाँ चाह वहाँ राह
(ग) सतत अभ्यास के लाभ